हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–308 : जौनपुर, मंगलवार 22 मार्च 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी का शपथ ग्रहण: 12 राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों को किया गया आमंत्रित

लखनऊ ब्यूरो : यूपी में 25 मार्च को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों की सूची सहित समारोह को भव्य बनाने के लिए योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समारोह में भाजपा शासित राज्यों के 12 मुख्यमंत्री, पांच राज्यों के उप मुख्यमंत्रियों समेत यूपी के बड़े उद्योगपतियों व बाबा रामदेव को आमंत्रित किया गया है। शपथग्रहण के लिए लखनऊ के 130 चौराहों को सजाया जाएगा। एयरपोर्ट से इकाना स्टेडियम और इकाना स्टेडियम से भाजपा प्रदेश मुख्यालय तक मार्ग सजाया जाएगा। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने तैयारियों की समीक्षा के लिए इकाना स्टेडियम का दौरा किया। समारोह में पार्टी के लिए काम करने आये 2500 प्रवासी कार्यकर्ताओं को भी



आमंत्रित किया गया है। उनके आने–जाने, आवास और भोजन की व्यवस्था पार्टी मुख्यालय की ओर से की जाएगी।

## मायावती का मुलायम पर हमला: अपने काम के लिए परिवार के एक सदस्य को भाजपा में भेजा : अखिलेश को माफ नहीं करेंगे लोग


लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद से बहुजन समाज पार्टी और समाजवादी पार्टी एक दूसरे खिलाफ खुलकर बयानबाजी कर रहीं हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा से बसपा नहीं बल्कि सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव खुलकर मिले हैं। उन्होंने 2017 में हुए शपथ ग्रहण समारोह में अखिलेश को आशीर्वाद भी दिलाया और अब अपने काम के लिए एक सदस्य को भाजपा में भेज दिया। यह जगजाहिर है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि यूपी में अंबेडकरवादी लोग कभी भी सपा मुखिया अखिलेश यादव को माफ नहीं करेंगे जिसने अपनी सरकार में इनके नाम से बनी योजनाओं व संस्थानों के नाम बदल दिए। यह अति निंदनीय और शर्मनाक है। योगी सरकार का दूसरा शपथ ग्रहण



25 मार्च को होना है। यह पहली बार होने जा रहा है जब कोई नेता लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेगा। शुक्रवार को होने वाले शपथ ग्रहण में 40 से ज्यादा मंत्री शपथ लेंगे।

## होली मिलन समारोह में जाम छलकाने का वीडियो वायरल होने पर चार सिपाही निलंबित

सीतापुर ब्यूरो : दो दिन पूर्व झरेखापुर चौकी में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान शराब के जाम छलकाते हुए वायरल वीडियो होने के मामले में चार सिपाहियों को निलंबित किया गया है। इसी के साथ अन्य लोगों के खिलाफ भी जांच जारी है। हरगांव की झरेखापुर चौकी परिसर में बीते शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें जमकर शराब के जाम छलकाए गए थे। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले में सीओ सदर को जांच



सौंपी गई थी। एसओ हरगांव बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि सिपाही अंकुर, अंचल, वीरेंद्र और शंकर को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अन्य दोषियों के खिलाफ जांच जारी है। हालांकि वीडियो में चौकी इंचार्ज भी डांस करते पाए गए थे जिन पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## थाना मछलीशहर पुलिस द्वारा मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल करने वाले मुकदमें में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के दिशा निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मछलीशहर श्री अवनीश कुमार राय के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह मय हमराही कर्मचारीगण के साथ देखभाल क्षेत्र करते हुए ग्राम रामनगर घघरिया में दिनांक 18.12.2021 को हुई मारपीट की घटना में मजरूब के गम्भीर रूप से घायल होने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0 296/21 धारा 323, 504, 506, 324, 325, 308 प्ध्छ में नामित अभियुक्तगण 1. चौहारी बिन्द पुत्र सुख्मर बिन्द उम्र करीब 60 वर्ष 2. रामबली बिन्द पुत्र चौहारी बिन्द उम्र करीब 40 वर्ष 3. चालू ऊर्फ राजनारायण पुत्र चौहारी बिन्द उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम रामनगर थाना मछलीशहर जौनपुर को मुखबिर की सूचना पर मथुरा मतरी चौराहें से आज दिनांक 22.03.2022 समय 10.00 बजे गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त



को रिमाण्ड हेतु आज मा0 न्याया0 के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभियुक्तगण– 1. चौहारी बिन्द पुत्र सुख्मर बिन्द उम्र करीब 60 वर्ष 2. रामबली बिन्द पुत्र चौहारी बिन्द उम्र करीब 40 वर्ष 3. चालू ऊर्फ राजनारायण पुत्र चौहारी बिन्द उम्र करीब 26 वर्ष निवासीगण ग्राम रामनगर थाना मछलीशहर जौनपुर । गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह, थाना मछलीशहर जौनपुर । 2. हे0का0 वेद प्रकाश यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर ।3. का0 नीतिश यादव, थाना मछलीशहर जौनपुर।

## जमीनी विवाद में पट्टीदारो द्वारा आधा दर्जन लोगों पर किया गया प्राण घातक हमला : दो लोगों की हालत गंभीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना सरायख्वाजा अंतर्गत क्षेत्र ग्राम खजुरह पोस्ट गुलालपुर निवासी अशोक कुमार यादव 40 वर्षीय एवं उनके भाई सुभाष यादव पुत्रगण राज बहादुर यादव व बहन रंगीता 21वर्षीय को पट्टीदारो ने जमीनी विवाद को लेकर कल सुबह लगभग 7 बजे आधा दर्जन लोगों ने अचानक घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला बोल दिया, जिसमें अशोक कुमार की हालत बेहद गंभीर हो गई है अशोक के सिर और पैर में गंभीर चोटे आयी है, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है, घटना के बाद पीड़ित अशोक के संग सभी घायल स्थानीय थाने सरायख्वाजा पहुंच प्रार्थना पत्र दिए, जिसके बाद थाना पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा जहाँ घायलों की नाजुक स्थिति देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहाँ सभी घायलों का चल रहा इलाज, घायल अशोक कुमार यादव ने बताया की जिस जमीन का विवाद चल रहा था जिसके लिए हम लोगों पर प्राण घातक हमला हुआ है उक्त विवादित जमीन पर पथरगड्डी का आदेश भी हो गया था जिसकी खुन्नस में कल हमारे पट्टीदारो द्वारा हम लोगों के घर में घुसकर प्राण घातक हमला किया गया और हमारे घर के बाहर व अंदर रखें हुए बुलेट मोटरसाइकिल, दरवाजा, कूलर, पंखा, टीवी, जैसे किमती समानों को पट्टीदारो द्वारा छतिग्रस्त किया गया है, बड़ी हैरत की बात यह है कि घटना 21/03/2022 की सुबह लगभग 7 बजे घटित हुई है और घटना स्थल पर स्थानीय थाना पुलिस जाना भी मुनासिब नहीं समझी, और पुलिस पूरे 12 घंटे घटना बीतने के बाद तब पहुँची जब एक पक्ष से दो लोगों व दूसरे पक्ष से एक लोग को पकड़ने आयी, वही घटना के 24 घंटा भी नहीं बीता की आज तड़के पुनः दबंग पट्टीदारो ने एक युवती सहित बेजुबान जानवरों को बुरी तरह मारापीटा, दबंग पट्टीदारो द्वारा उक्त युवती एवं बेजुबान जानवरों को उस दौरान मारापीटा गया।

## कैसे होगी प्राथमिक विद्यालयों में सुचितापूर्ण परीक्षा और समय पर परीक्षाफल वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष अरविन्द शुक्ल के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 6128 शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक कार्य हेतु ड्यूटी लगाये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर से मिला। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा बताया गया कि परिषदीय विद्यालयों में 23 मार्च से परीक्षा प्रारम्भ हो रही है, और परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 80 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक की बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक हेतु लगा दी गयी है, जो 24 मार्च से प्रारम्भ हो रही है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों में प्रधानाध्यापक अकेले किस प्रकार सुचितापूर्ण वार्षिक परीक्षा सम्पन्न करायेंगे और किस प्रकार 31 मार्च को परीक्षाफल का वितरण करेंगे? प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मांग की गयी कि परिषदीय विद्यालयों में आयोजित वार्षिक परीक्षा के समयावधि में शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में न लगायी जाय। बिना कक्षाध्यापक के परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा, मूल्यांकन और 31 मार्च को परीक्षा फल देने का कार्य असम्भव होगा। साथ ही साथ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा विकलांग और महिला शिक्षिकाओं की ड्यूटी दूरस्थ ब्लाकों में लगाये जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुये मांग की गयी कि ऐसे शिक्षकों की ड्यूटी आवश्यकतानुसार उनके



कार्यरत ब्लाकों के परीक्षाकेन्द्रों पर लगायी जाय। प्रतिनिधि मण्डल के वार्ता के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्याओं के समाधान का अश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रुप से लक्ष्मीकांत सिंह, लाल साहब यादव, साजेश सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहें।

## खगोल विज्ञान के प्रवर्तक' : विशेष रोचक जानकारी वेद और विज्ञान का केन्द्र

अयोध्या सुरेंद्र कुमार! आर्यभट्ट के समय में भारतीय खगोलशास्त्र की बड़ी दयनीय स्थिति थी। उस समय प्रचलित पैतामह सिद्धान्त, सौर सिद्धान्त, वासिष्ठ सिद्धान्त, रोमक सिद्धान्त और पौलिष सिद्धान्त ये पाँचों सिद्धान्त पुराने हो चुके थे। गणित के ठोस परिणाम उनसे प्राप्त नहीं होते थे। इसलिए वे अधिक उपयोगी नहीं रहे थे। ग्रहों की स्थिति, ग्रहण का समय आदि गणित के आधार पर जो प्राप्त होता था, उसमें और प्रत्यक्ष स्थिति में भारी अंतर होता था। परिणामस्वरूप लोगों का ज्योतिष से विश्वास उठने लगा। इस विज्ञान की त्रुटियों को दूर कर, उसे नवीन और प्रभावी रूप में आर्यभट्ट ने प्रस्तुत किया। आर्यभट्ट के पूर्व भी, कुछ विद्वानों ने इस दिशा में प्रयत्न किये थे परंतु उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। छठी शताब्दी में एक खगोलशास्त्री के रूप में आर्यभट्ट ने मान्यता प्राप्त कर ली थीकृएक ऐसे शास्त्री जिन पर पूर्ण विश्वास किया जा सके। इस प्रकार उन्होंने खगोलशास्त्र को भी अपने प्रयासों से पुनः प्रतिष्ठित किया। लोग उन्हें भारत के खगोलशास्त्र के प्रवर्तक के रूप में जानने लगे। कुसुमपुर आर्यभट्ट मूलतः कहाँ के थे, इस प्रश्न का उत्तर वे स्वयं ही अपनी कृति में देते हैं। ब्रह्मम् कु शशि बुधा भूगु रवि। क्षुज गुरु कोण भगणान्नमस्कृत्य आर्यभट्टस्त्विह निगदति। कुसुमपुरेऽभ्यर्चितम् ज्ञानम्। ''ब्रह्म, भूमि, चन्द्र, बुध, शुक्र, सूर्य, मंगल, गुरु, शनि और नक्षत्रसमूहों को उनके अधिदेवताओं के साथ नमस्कार कर कुसुमपुर में जनता की मान्यताप्राप्त आर्यभट्ट ग्रहगति–ज्ञान को समझने के साधन–तंत्र को यहाँ प्रस्तुत कर रहा है।" फारस के विद्वान अलबरूनी (सन् 973) ने भी कई बार 'कुसुमपुर के आर्यभट्ट' दृ इन शब्दों में ही अपने लेखों में उनका उल्लेख किया है। कुसुमपुर का अर्थ है पुष्पों या फूलों का नगर। बाद में वह 'पाटलीपुत्र' कहलाया। इस नाम परिवर्तन की एक रोचक कथा है। चीनी यात्री ह्यूएनत्संग पाटलीपुत्र में कुछ दिन रहा था। उसके अनुसार एक बार कुछ विद्यार्थी नगर के बाहर घूमते हुए निकल गये। एक बड़े पाटल वृक्ष की छाया में वे बैठे थे, कि उनमें से एक अचानक अत्यंत व्याकुल हो उठा। सभी मित्र साथ ही थे। अपने साथी की व्याकुलता को देख उन्होंने समझा इसे प्रेम–पीड़ा हो गयी है। इसकी औषधि तो विवाह ही हो सकती है। उन मित्रों ने पाटल वृक्ष के पुष्पों से शोभित एक डाली तोड़ी और उसे वधू बनाया। दो मित्रों ने उसके माता–पिता का अभिनय किया और वह डालीकृवधू के रूप में उस पीड़ित विद्यार्थी को दे दी। ''यह लो तुम्हारी प्रियतमा, इसको स्वीकार करो।" कहकर विवाह करा दिया। उस विद्यार्थी ने सहर्ष उस डाली को स्वीकार करके अपनी कृतज्ञता प्रकट की। जब वे शाम को घर लौटने के लिए निकले तो इस 'विद्यार्थी वर' ने उनके साथ जाने से इन्कार किया। उसके हाथ में पाटल वृक्ष की डाली अभी भी वैसे ही थी। उसने कहा– रात को यही ठहरूंगा। जहाँ पेड़ था उस ओर रात को महल दिखायी दिया। चारों ओर चकाचौंध करने वाली कांति फैल गयी। मधुर संगीत गूंजने लगा। उस भवन से वृद्ध दम्पति एक बालिका को लेकर जुलूस में उसकी ओर आये। वृद्ध ने कहा–''यह लो तुम्हारी वधू। इसे स्वीकार करो।'' विवाह धूमधाम से हुआ। एक वर्ष बीत गया। वे सभी उस अभिमंत्रित वातावरण में ही थे। नूतन दम्पति को पुत्र भी हुआ। जब विद्यार्थी वर ने यह आशा व्यक्त की कि अपने पुत्र को नगर ले जाये, तब वृद्ध ने "उधर क्यों जाते हो ? तुम्हारे लिए यहीं एक नगर निर्माण करता हूँ' यह कहते हुए एक विशाल नगर का निर्माण किया। उसको पाटलीपुत्र–पुर अर्थात् 'पाटली वृक्ष के पुत्र का नगर' नाम दिया गया। यही धीरे–धीरे 'पाटलीपुत्र' के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## विश्व जल दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी केराकत द्वारा शीतल जल प्याऊ का किया गया उद्घाटन


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर क्षेत्राधिकारी केराकत द्वारा पेशी कार्यालय में



भीषण गर्मी के दृष्टिगत शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन किया गया व जल बचाने का संदेश दिया गया । इस मौके पर पेशी केराकत कार्यालय के समस्त कर्मचारी व तहसील परिसर में राजस्व के कर्मचारी उपस्थित थे ।

## प्रेम में बाधा उत्पन्न होने पर प्रेमी युगल ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : जनपद के थाना सेहरामऊ दक्षिणी क्षेत्र के गाँव सिंगरही निवासी पिन्टू ( मृतक ) उम्र 20



वर्ष पुत्र शिवलाल ने गाँव की लड़की सुमन उम्र 18 वर्ष से प्रेम प्रसंग के कारण बीती रात किसी समय घर से भागने के बाद सुबह अप लाइन पर कहेलिया रेलवे स्टेशन एवँ रामप्रसाद बिस्मिल रेलवे स्टेशन के मध्य पड़ने वाले मीटर संख्या 1222/21 एवँ 1222/23 पर किसी ट्रेन से कटकर अप लाइन पर आत्महत्या कर ली। दोनों मृतकों के शवों को पुलिस ने क्षत विक्षत हालत में अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु शव विच्छेदन ग्रह भेजा गया है । वताया जाता है कि पिन्टू की शादी की बात कहीं से चल रही थी। शादी होने से पहले ही पिन्टू ने अपनी प्रेमिका के साथ आत्महत्या की है। मृतक के पास से मिले पर्स में आधार कार्ड से उनकी पहचान होने के साथ उनके परिजनों को सूचना दी गई। जिसके चलते परिजनों में कोहराम मच गया।

## पुलिस लाइन में मीडिया व एसपीओ तथा संभ्रांत नागरिकों के साथ खेली' गई फूलों की होली

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : होली के त्यौहार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निकलने वाले बड़े लाट साहब , छोटे लाट साहब एवं अन्य जुलूसो को सकुशल संपन्न होनें पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें जुलूसो को संपन्न कराने में अहम भागीदारी एवं पुलिस एवं प्रशासन



का सहयोग करने वाले मीडिया बंधुओं , एसपीओ एवं संभ्रांत नागरिकों को आमंत्रित किया गया था । जनपद के पुलिस अधीक्षक एस0 आनंद , अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संजीव कुमार बाजपेई , ए एस पी / क्षेत्राधिकारी नगर सरवरण टी. , प्रतिसार निरीक्षक मोहम्मद रईस खान एवं अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे । पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आयोजन में आए गणमान्य नागरिकों को होली को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु धन्यवाद दिया । इसके उपरांत कार्यक्रम में सूक्ष्म जलपान के तौर पर होली के विभिन्न पकवानों से सभी का मुँह मीठा कराया गया तथा फूलों की पंखुड़ियों से सभी ने हर्ष और उल्लास के साथ एक दूसरे पर डालकर होली खेली तथा शुभकामनाएं दी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**बिजनेस से धन बढ़ता है, शान्ति नहीं, वितरण से दोनो बढ़ते हैं।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## सहयोग और साझेदारी : भारत–जापान रिश्ते की गर्मजोशी : 70 साल पुराने संबंधों के मायने और प्रतिबद्धता

सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज से लेकर मेरा जूता है जापानी की भावना और आधुनिक युग की मेट्रो रेल, कार और टेलीविजन सेट से आने वाली बुलेट ट्रेन तक उगते हुए सूरज के देश जापान के साथ भारत का सत्तर साल पुराना रिश्ता अब एक खास मायने रखता है। फिर भी जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा (यह उनकी पहली विदेश यात्रा है) की यात्रा एक खास समय में एशियाई क्षेत्र में हुई है, जब यूरोप में एक उग्र संघर्ष छिड़ा है, जो वैश्विक चिंता बढ़ा रहा है।

भारत और जापान क्वाड के सदस्य देश हैं, जिसका गठन एशिया में 'कानून का शासन' स्थापित करने और साझा विरोधी के रूप में उभरे चीन को नियंत्रित करने के उद्देश्य से की गई। 14वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में तमाम द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई, जो कोविड–19 और दोनों देशों के घरेलू मुद्दों के चलते साढ़े चार साल की देरी से आयोजित की गई। इसी बीच शिंजो आबे ने प्रधानमंत्री का पद किशिदा को सौंप दिया।

वर्ष 2006 के बाद से, जब दिल्ली और टोक्यो ने सामरिक और वैश्विक भागीदारी का गठन किया, तब से व्यापार, सैन्य अभ्यास और एक नियम–आधारित समुद्री व्यवस्था पर आम सहमति के जरिये दोनों देश एक दूसरे के करीब आए, जो पहले नहीं था। किशिदा अधिक जापानी निवेश हासिल करने की भारत की क्षमता के बारे में एक सकारात्मक प्रभाव के साथ आए, क्योंकि 2014 की निवेश संवर्धन साझेदारी के तहत 35 खरब जापानी येन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

किशिदा ने घोषणा की कि जापान अब 50 खरब जापानी येन का निवेश करेगा, क्योंकि जापानी कंपनियां और सरकार भारत को एक व्यवहार्य निवेश गंतव्य के रूप में देखती है। भारत यात्रा की पूर्व संध्या पर एक लेख में किशिदा ने भारत की सामाजिक व आर्थिक तैयारी एवं एक व्यावहारिक साझेदार बनने की प्रगति के बारे में बात की।

उन्होंने लिखा कि 'पूंजीवाद के नए रूप को साकार करने की कोशिश करते समय भारत निश्चित रूप से सबसे अच्छा भागीदार है, जैसा कि प्रमुख विनिर्माण आधार, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के जरिये कार्बन उत्सर्जन घटाने के प्रयासों में नेतृत्व, उन्नत डिजिटल समाज की पहल, जैसे आधार और आपूर्ति शृंखला के लचीलेपन के उपायों सहित आर्थिक सुरक्षा पहलों को बढ़ावा देने के रूप में वैश्विक स्वास्थ्य संकट की प्रतिक्रिया में भारत के योगदान ने दिखाया है।'

जापानी निवेश में भारतीय श्रम के कौशल का उपयोग और आपूर्ति शृंखला का निर्माण शामिल होगा। दोनों देशों ने डिजिटल सुरक्षा और हरित प्रौद्योगिकियों पर सहयोग के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान नागासाकी और हिरोशिमा पर परमाणु हमलों से युद्ध विरोधी नीति के लिए मजबूर जापान के लिए यह अकल्पनीय है कि अब भारत–जापान सहयोग ने सुरक्षा के क्षेत्र में भी काफी प्रगति की है, जिसमें जापानी आत्मरक्षक बलों और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच संयुक्त अभ्यास शामिल है।

दोनों प्रधानमंत्रियों ने लंबे समय से लंबित मुंबई–अहमदाबाद हाई स्पीड रेल नेटवर्क परियोजना पर चर्चा की, जो भारत की आंतरिक राजनीति में एक विवादास्पद विषय बन गई है। वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, 12 औद्योगिक टाउनशिप के साथ दिल्ली–मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर और चेन्नई–बेंगलुरु औद्योगिक कॉरिडोर पर भी चर्चा की गई। ये कुछ मेगा जापान–भारत परियोजनाएं हैं, जो लंबे समय से देरी का सामना कर रही हैं।

इन परियोजनाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में, जिनके लिए इस यात्रा के दौरान कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए, राजनीतिक स्तर पर उच्च स्तर के समझ–बूझ के कारण निकट भविष्य में और अधिक प्रगति होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं, किशिदा ने भारत को क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) में वापस लाने के लिए एक विशेष प्रयास किया। हालांकि भारत ने अभी तक इसके बारे में कोई फैसला नहीं लिया है।

दरअसल जापान भारत को एशिया को प्रभावित करने वाले बहुपक्षीय निकायों में भागीदार के रूप में देखता है। वह दक्षिण पूर्व एशिया के प्रति भारत की लुकध्ऐक्ट ईस्ट नीति और आसियान क्षेत्र में उसकी भूमिका की सराहना करता है, जहां चीन भारत का विरोधी है। जापान उस क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद और आसियान के सदस्य देशों के साथ बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों की सराहना करता है।

वर्ष 2017 के शिखर सम्मेलन के दौरान, भारत और जापान ने कनेक्टिविटी, वन प्रबंधन, आपदा जोखिम में कमी और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में पूर्वोत्तर में भारत की विकास परियोजनाओं के समन्वय के उद्देश्य से भारत–जापान ऐक्ट ईस्ट फोरम की स्थापना की थी। इन स्वागत योग्य तथ्यों के बावजूद दोनों देशों के बीच राजनयिक स्तर पर मतभेद मौजूद हैं। जैसे, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की जापान ने आलोचना की, भारत ने नहीं की।

लेकिन दोनों ने अफगानिस्तान में 'शांति और स्थिरता' सुनिश्चित करने के लिए सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता जताई। यात्रा के अंत में संयुक्त बयान में भारत की धरती पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमलों की निंदा की गई। यह तब है, जब जापानी कार और अन्य सामान पाकिस्तानी बाजार में मौजूद हैं। क्वाड एशिया में स्थिरता और प्रगति की कुंजी है, क्योंकि अमेरिका और चीन व्यापार युद्ध में फंसे हैं।

जैसा कि किशिदा ने अपने विशेष लेख में उल्लेख किया है, 'हाल ही में जापान–ऑस्ट्रेलिया–भारत–अमेरिका (क्वाड) नेताओं के वीडियो सम्मेलन में, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और मैंने भाग लिया था, हमने सहमति जताई कि ताकत के जरिये यथास्थिति को बदलने का कोई भी एकतरफा प्रयास हिंद–प्रशांत क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए, और ठीक इसी स्थिति के कारण 'फ्री ऐंड ओपन इंडो–पैसिफिक' की दिशा में प्रयासों को और बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है।'

भारत और जापान, दोनों चीन से भिन्न हैं। मोदी ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पीएलए की आक्रामकता के बारे में किशिदा को बताया। जैसा कि विदेश सचिव हर्ष शृंगला ने जोर देकर कहा, भारत–चीन संबंधों में कोई भी सामान्य स्थिति वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पीछे हटने से संबंधित वार्ता की प्रगति पर निर्भर करेगी। साफ है कि चीनी विदेश मंत्री वांग यी की प्रस्तावित भारत यात्रा पर इस पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## एम एल सी भाजपा प्रत्याशी अशोक अग्रवाल ने कराया नामांकन

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्थानीय प्राधिकरण एमएलसी के भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अशोक अग्रवाल ने आज नामांकन किया। नामांकन से पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर पार्टी के सांसद गणों विधायक गणों पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र नीरज ने बैठक कर चुनावी रणनीति बनाई। बैठक में प्रमुख रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेश अग्रवाल अवध क्षेत्र मंत्री नीरज वर्मा सांसद जय प्रकाश रावत अशोक रावत विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू रजनी तिवारी नितिन अग्रवाल श्याम प्रकाश प्रभाष कुमार आशीष सिंह आशु रामपाल वर्मा अलका अर्कवंशी नगर पालिका चेयरमैन सुखसागर मित्र मधुर पूर्व जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित संजय सिंह एस पी मौर्या श्रवण कनौजिया जिला महामंत्री अजीत सिंह बब्बन अनुराग मिश्र जिला मंत्री अविनाश पांडे अजय शुक्ल जिला मीडिया




प्रभारी गांगेश पाठक कार्यालय मंत्री अतुल सिंह भाजपा नेता राजाबक्श सिंह सत्यम शुक्ला अभिषेक ठाकुर पूर्व ब्लाक प्रमुख समीर सिंह भाजपा नेता पारूल दिक्षित,किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नीरज तिवारी आदि मौजूद रहे।

## होली का त्योहार लोगों में प्रेम को बढ़ाता है: रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : घूंघट मैरिज लॉन में अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा विधायक रजनी तिवारी ने कहा कि होली एक ऐसा त्योहार है जिसमें लोग प्रेम से एक दूसरे को गले लगाते हैं, मिठाइयां खिलाते हैं और प्यार बांटते हैं। विधायक ने कहा कि होली का पर्व जाति और धर्म की सीमाओं से ऊपर उठकर मनाया जाता है।यह पर्व, मनुष्य से मनुष्य के प्रेम को अभिव्यक्ति प्रदान करता है।कहा कि होली का कार्यक्रम अपने आप में एक मनोरंजक,खुशियां बांटने वाला त्योहार है।उन्होंने भाजपा के एम एल सी प्रत्याशी अशोक अग्रवाल एवं अनूप गुप्ता को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वैश्य समाज के भाइयों और बहनों का योगदान राजनीति,शिक्षा,स्वास्थ्य खेल सहित सभी क्षेत्रों में रहता है।विधायक ने कहा कि आप सभी ने विधान सभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।हम सदैव आप सभी को सम्मान देने का काम करते रहेंगे। समाजसेवी गौरव अग्रवाल ने सामाजिक एकता पर प्रकाश डालते हुए सभी वैश्यों को एकजुट रहने की सलाह दी। सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर एम एल गुप्ता ने कहा कि विदेशी संस्कृति के दुष्प्रभाव से देश और समाज को बचाने की आवश्यकता है। इस होली मिलन समारोह में मान्या गुप्ता, आद्या गुप्ता,कनिष्का, तन मन,श्रभ्या गुप्ता, मिट्ठू, मीठी गुप्ता, आन्या गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, भाव्या गुप्ता,समृद्धि गुप्ता,आदि ने भावनृत्य के साथ गीत संगीत में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया। इस समारोह में विधायक रजनी तिवारी, डॉ एम एल गुप्ता, अर्चना




गुप्ता,रामेश्वर दयाल गुप्ता,प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल,पल्लवी ओमर,बुद्ध प्रकाश गुप्ता आदि को स्मृति चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। शिव सत्संग मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुए इस समारोह में मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह राना,महामंत्री प्रिंस गुप्ता,उत्कर्ष गुप्ता,पीयूष गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता,सुबीन गुप्ता,राजेश गुप्ता,राजीव गुप्ता,उदय गुप्ता,आलोक गुप्ता,श्यामजी गुप्ता, देवेन्द्र प्रताप गुप्ता,बॉबी ओमर,प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल गुप्ता,शिखा गुप्ता ने सराहनीय योगदान दिया। इस समारोह का शुभारंभ डॉक्टर एम एल गुप्ता,गौरव अग्रवाल,रामेश्वर दयाल ने दीप प्रज्वलित कर ,पल्लवी ओमर ने गणेश वंदना से एवं महेन्द्र सिंह राना और उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष नलिन गुप्ता ने गणेश आरती कर किया।समापन पर अम्बरीष कुमार सक्सेना का जन्मदिवस मानकर शुभकामनाएं दी गई।बालाजी म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने नृत्य करते हुए समारोह में चार चांद लगा दिए।

## पुलिस मुठभेड़ में दो गोवंश तस्कर गिरफ्तार : एक के पैर में लगी गोली

बलरामपुर ब्यूरो : बलरामपुर पुलिस ने सोमवार देर रात गोकशी के आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में भागते समय एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। आरोपियों के पास से पुलिस को कट्टा, कारतूस ,मांस और गौ हत्या में प्रयुक्त होने वाला सामान बरामद हुआ है। विदित हो कि ग्राम मचलपुर घाट में गोकशी की घटना हुई थी। जिसका मुकदमा स्थानीय थाने में दर्ज करवाया गया था। आरोपी दीन मोहम्मद उर्फ पप्पू निवासी अमीन पुरवा, थाना सादुल्लाह नगर, साजिद अली उर्फ चिनकाऊ पुत्र जैनुउला निवासी अचलपुर घाट, सैदुल रहमान उर्फ फैज उर्फ फैजू निवासी गडरिया मजरा इटई रामपुर थाना उतरौला और सरातुल्लाह पुत्र चीनी निवासी अमीन पुरवा थाना सादुल्लाह नगर सोमवार शाम चेकिंग के दौरान पुलिस द्वारा गाड़ी रोकने पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर उनके द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गई जिसमें प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाह नगर आर के सरोज के बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लगी।



वह बाल–बाल बच गये। पुलिस द्वारा आत्म रक्षार्थ की गई फायरिंग में दीन मोहम्मद और साजिद अली के पैर में गोली लगी जिसमें वह दोनों घायल हो गए जबकि अन्य दो भागने में सफल रहे। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सादुल्लाह नगर भेजा गया है बाकी की तलाश जारी है। पुलिस को मौके से दो अदद तमंचा, एक मिस कारतूस, एक जिंदा कारतूस, 3 खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर बिना नंबर, एक बोरी में गौमांस और बांट माप तथा तराजू, 2 बांका और 2 छुरी बरामद हुई हैं।

## 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों को लगाई गई कॉर्बेवैक्स वैक्सीन

हरदोई पत्रकार जनार्दन श्रीवास्तव : कोरोना से बच्चों को बचाने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है जिसके तहत देश भर में अब 12 से 14 साल के बच्चों को भी कोरोना से बचाव का टीका लगाने का कार्य पूरे देश में बृहद स्तर पर अभियान चलाकर किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए मंगलवार को पाली कस्बे के सेठ बाबूराम भारतीय इण्टर कालेज में 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड–19 टीकाकरण किया गया। आपको बता दें कि सरकार के निर्देश के बाद प्रदेश भर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोविड– 19 टीकाकरण का कार्य बृहत स्तर पर चलाया जा रहा है ।इस कार्य को शत प्रतिशत करने के लिये स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों के माध्यम से 12 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है जिससे इस आयु वर्ग के बच्चों को भी कोरोना संक्रमण से बचाया जा सके। पाली के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैक्सिनेशन टीम में शामिल एएनएम पूनम देवी ने बताया कि इस टीकाकरण अभियान में लाभार्थी ऑनलाइन पंजीकरण के अलावा सीधे टीकाकरण केन्द्र पर जाकर भी वैक्सीन लगवा सकते हैं।



भरखनी क्षेत्र के पाली स्वास्थ्य केन्द्र पर टीमों के माध्यम से कोरोना वैक्सीन लगाने का कार्य काफी जोर शोर पर किया जा रहा है। सोमवार को नगर के बाबू खां कालेज में वैक्सिनेशन कैम्प लगाकर टीकाकरण का कार्य हुआ इसी कड़ी में मंगलवार को कस्बे के सेठ बाबूराम भारतीय इंटर कालेज में पाली स्वास्थ्य विभाग की ओर से एएनएम पूनम देवी के द्वारा 12 से 14 साल के 60 बच्चों को कोविड–19 टीकाकरण करके उन्हें लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर शिक्षिका प्रीति देवी के अलावा अन्य शिक्षिकों ने भी वैक्सिनेशन कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## अधिक आमदनी का जरिया बन सकती है सरसों की खेती

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गौरा बरामऊ के प्रख्यात कृषक सुहेल आलम ने सरसों की बढ़ती हुई कीमतों को देते हुए सरसों की खेती 2 हेक्टेयर मे किया जिसमें से कुछ बीज से क्रय केंद्र से कालिया बीज बोया इस संबंध में अमेठी केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अशोक सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने 2 बीघे के लिए अपने पास से आरएच 749 राई का भी बीज नि.शुल्क उपलब्ध कराकर डीएपी की जगह पर सुपर खाद छोड़ने की सलाह दी जिससे राई की फसल हरी–भरी और अधिक उत्पादन भी हुआ इसी खेत में कुछ पौधे की लंबाई 10 फीट तक देखी गई यह देख आसपास के कृषक ताज्जुब की नजर से देख रहे हैं और सुहेल खान की खेती की तारीफ करने से नहीं चूक रहे हैं डॉ अशोक सिंह ने राई की फसल के संबंध में एक प्रेस वार्ता में बताया बीज जनित रोगों एवं कीटों से फसल को बचाने के लिए फुफुन्दनाशक दवा से बीजों को उपचारित करना जरूरी है। बुआई से पहले बीजों को वेबिस्टीन चूर्ण से २.5 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचारित करें।बोने की दूरी – पंक्ति से पंक्ति की दूरी 30 सें.मी. तथा पौधे से पौधे की दूरी 15 सें.मी.।खाद एवं उर्वरक प्रबन्धन दृ 8–10 टन सड़ी हुई कम्पोस्ट खाद खेत की अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देना चाहिए। उर्वरकों की असिंचित अवस्था में 40 किलोग्राम नेत्रजन, 20 किलोग्राम फास्फोरस एवं 20



पोटाश प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है। उर्वरकों की सिंचित अवस्था में 80 किलोग्राम नेत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस एवं 40 किलोग्राम पोटाश प्रति हेक्टेयर आवश्यकता होती है।प्रयोग विधि – कम्पोस्ट खाद को बुआई से 20–30 दिन पूर्व खेत में डालकर अच्छी तरह मिला दें। सिंचित अवस्था में नेत्रजन की आधी मात्रा एवं स्फुर तथा पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय प्रयोग करें। नेत्रजन की शेष आधी मात्रा फूल लगने के समय उपरिवेशन करें। असिंचित अवस्था में नेत्रजन, स्फुर तथा पोटाश की पूरी मात्रा बुआई के समय प्रयोग करें। जिंक की कमी वाले खेत में प्रति हेक्टेयर 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट खेत की तैयारी के समय डालें।सिंचाई अच्छी उपज प्राप्त करने के लिए मृदा में पर्याप्त नमी बनाये रखना आवश्यक है। सिंचित अवस्था में दो सिंचाई करें। पहली सिंचाई फूल आने से पूर्व तथा दूसरी सिंचाई फलियों के लगने के समय करें।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा0 वाई.पी. सिंह ने साहित्यकारों का किया उत्साहवर्धन

पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह लखनऊ। राजधानी के कैसरबाग स्थित भातखंडे संगीत विश्वविद्यालय के कलामंडपम सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान द्वारा वर्ष 2021–22 के साहित्यिक पुरस्कारों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि उन साहित्यकारों को सम्मानित किया गया जो सरकारी फाइलों को निपटाने में अपना ज्यादातर समय व्यतीत करते हैं। उनके द्वारा इस काम से समय निकालकर साहित्य का सृजन करना एक सुखद अनुभूति है। ये सरकारी कर्मचारी खूबसूरत साहित्य की रचना कर रहे हैं। यह बात इस कार्यक्रम के द्वारा संज्ञान में आयी। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन उपस्थित रहे। उन्होने अपने वक्तव्य में कहा कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि आप लोग इतना बेहतरीन साहित्य रच रहे हैं। उन्होने राज्य कर्मियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुये कहा कि आप सभी ने प्रेरक रचनायें की हैं। वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डा0 विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि सभी रचनायें श्रेष्ठ हैं। उन्होने कहा कि आप सब की रचनायें ये सिद्ध करती हैं कि देश का हर बच्चा मोहन व महात्मा बनने की क्षमता रखता है। विशिष्ट अतिथि व लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा0 वाई.पी.सिंह ने साहित्यकारों की सराहना और उत्साहवर्धन किया। संस्थान की प्रचार मंत्री सीमा गुप्ता ने बताया कि 24 श्रेणियों में वर्ष 2021–22 के साहित्यिक पुरस्कार वितरित किये गये हैं। इन सभी को एक–एक लाख रूपये नगद, स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की गयी। डा0 विजयानंद को ओम प्रकाश चतुर्वेदी पराग गीत पुरस्कार (21 हजार रूपये नगद), व डा0 मृदुला पंडित को रमन लाल अग्रवाल रम्मन पुरस्कार (11 हजार रूपये नगद) से सम्मानित किया गया। 19 साहित्यकारों को साहित्य गौरव सम्मान व डा0 हरि प्रकाश अग्रवाल हरि को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी को 5100 की पुरस्कार राशि, स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट की गयी। उन्होने बताया कि समारोह में कुल 46



साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। समारोह में संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका अपरिहार्य के जनवरी–मार्च अंक, रामलखन यादव पवन की पुस्तक आध्यात्मिक बिन्दु, सुखदेव पांडे की पुस्तक भगवान बुद्ध और उनका विचार लोक और डा0 सत्येन्द्र कुमार सिंह की पुस्तक मोहन से महात्मा तक का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री डा0 विद्या बिन्दु सिंह ने अपने उद्बोधन में बताया कि संस्थान के महामंत्री डा0 दिनेश चन्द्र अवस्थी हमेशा पर्दे के पीछे रहकर काम करने में विश्वास करते हैं। इन्हें 2018 में शिव सिंह सरोज पुरस्कार के लिये नामित किया गया। लेकिन वे हमेशा पुरस्कार लेने से बचते रहे हैं। उनके आग्रह पर डा0 दिनेश चन्द्र अवस्थी को संस्थान के अध्यक्ष आलोक रंजन ने सम्मानित किया। इन्हे दिया गया साहित्य गौरव सम्मान मनोरमा लाल, दिनेश उन्नावी, गौरी शंकर वैश्य विनम्र, डा0 हरि प्रकाश श्रीवास्तव अवधी हरि, रजनीश कुमार गुप्ता, राम प्रकाश शुक्ल प्रकाश, प्रतिभा त्रिपाठी, विनोदनी रस्तोगी, प्रदीप कुमार वर्मा, सचिवालय दर्पण के सम्पादक डा0 अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, डा0 जहांआरा, आलोक राजा, प्रियांशु वात्सल्य, रेनू द्विवेदी, रवि प्रकाश मिश्र सूर्य व राजीव आचार्य।

## बाराबंकी में ऑनर किलिंगः परिजनों ने बेटी की हत्या कर शव खेत में जलाया : पुलिस के पहुंचने से पहले हुए फरार

बाराबंकी ब्यूरो : बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग की एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। 15 दिन पहले आवासीय विद्यालय केजीबीवी से घर आई छात्रा की हत्या कर परिजनों ने उसे जलाने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही परिजन अधजला शव छोड़कर फरार हो गए। घटना से हड़कंप मच गया। कोठी पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर गांव में कैंप कर रही है। कोठी थाना क्षेत्र के ढ़ेड़िया गांव की है। पुलिस के मुताबिक यहां के निवासी बिंदा प्रसाद की बेटी रोशनी सिद्धौर के कैसरगंज स्थित स्कूल केजीबीवी में कक्षा आठ मे पढ़ाई करती है। 15 दिन पहले छात्रा आवासीय विद्यालय से अपने घर आई थी। सोमवार की रात करीब 11:00 बजे परिजनों ने छात्रा की हत्या कर उसके शव को खेत में ले जाकर जला रहे थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दे दी। ऑनर किलिंग की घटना को लेकर सीओ हैदरगढ़ कोठी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गईं। इससे पहले परिजन घर में ताला बंद कर फरार हो गए। मौके पर डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम मौके पर पहुंचे। घर में मिले खून के धब्बे के नमूने लिए गए और खेत में अधजले मिले शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सीओ



हैदरगढ़ डा. बीनू सिंह ने बताया कि शिकायत प्रथम दृष्टया सही लग रही है। छात्रा 15 दिन पहले आवासीय विद्यालय से घर आई थी। छात्रा की चार बहनें व दो भाई हैं। दो बहनों का विवाह हो गया है तो छोटी बहन मौसी के यहां रहती है। एक भाई शीतल छात्रा से बड़ा है। वहीं दूसरा छोटा है। सोमवार को उसकी बड़ी बहन व बहनोई भी आए हुए थे। मामले की जांच की जा रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। घटना के पीछे विद्यालय का कनेक्शन होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। एसपी अनुराग वत्स ने बताया कि मामला संदिग्ध है। खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगा दी गई हैं। परिजनों के पकड़ में आने के बाद घटना का खुलासा हो सकेगा।

## थाना सरपतहाँ के जघन्य अपराध में मॉनीटरिंग सेल जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000 के जुर्माने से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना सरपतहाँ के जघन्य अपराध में मॉनीटरिंग सेल जौनपुर की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000 के जुर्माने से दण्डित किया गया। दिनांक 09/09/2015 को समय 11:00 बजे दिन में अभियुक्त द्वारा वादी मुकदमा शिव मूरत की पुत्री दुलारी और नाती मोनू व प्रिंस को जलाकर मार देने के संबंध में दिए गए तहरीर के आधार पर थाना सरपतहाँ में मुकदमा अपराध संख्या 382/15 धारा 302 भारतीय दंड संहिता पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। जघन्य अपराधों पर कठोरता से नियंत्रण लगाने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दंडित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कराते हुए श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने निकट पर्यवेक्षण में मानिटरिंग सेल जनपद जौनपुर के माध्यम से अभियोग का न्यायालय में विचारण के दौरान सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 21/03/2022 को माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय जनपद जौनपुर द्वारा अभियुक्त रामदयाल बिंद पुत्र पंचम बिंद निवासी समोधपुर थाना सरपतहाँ जिला जौनपुर को धारा 302 भारतीय दंड संहिता के अपराध हेतु आजीवन कारावास व ध्20000 के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड ना अदा करने पर अभियुक्त 3 माह का अतिरिक्त कारावास भोगेगा।इस मामले में जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित होगी।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा नकल विहीन तथा शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने सभी केन्द्र व्यवस्थापक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। कलेक्ट्रट प्रेक्षागृह में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि 24 मार्च से प्रारम्भ होकर 12 अप्रैल तक संचालित इस परीक्षा में कोई भी छात्र/छात्रा, कक्ष निरीक्षक एवं अन्य कार्मिक परीक्षा केन्द्र के अन्दर पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर नहीं जायेंगे। सभी परीक्षा केन्द्र पर सी.सी.टी.वी. कैमरा की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा में नकल पर रोक लगाने तथा परीक्षा की शुचिता, पवित्रता, गुणवत्ता एवं विश्वसनीयता बनाये रखने के लिये उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम–1998 के प्राविधानों को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि कहीं भी सामूहिक नकल की सूचना प्राप्त होने पर इन प्राविधानों के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में 230 केन्द्र व्यवास्थापक, 230 बाह्य केन्द्र व्यवस्थापक लगाये गये है। संवेदनशील परीक्षा केन्द्र 36 एवं अतिसंवेदनशील 17 परीक्षा केन्द्र है। विद्यालयो के प्रभावी नियंत्रण हेतु 11 संचल दल का गठन किया गया है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात कर दिये गये हैं। पूरे जिले में धारा–144 लागू है। परीक्षा केन्द्र के एक किलोमीटर के भीतर फोटो कांपियर एवं स्कैनर की दुकान परीक्षा अवधि में प्रतिबंधित रहेगी। परीक्षा केन्द्र के बाहर 100 मीटर तक अनावश्यक भीड़ एकत्र नहीं होगी। कोई भी व्यक्ति शस्त्र लेकर परीक्षा स्थल पर लेकर नहीं जायेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण एवं व्यवस्था कार्य में लगे अध्यापक एवं केन्द्र अधीक्षक को लोकसेवक माना गया है। इन पर प्रहार आदि की दुर्घटना के मामलों को संज्ञेय अपराध मानते हुये सभी थानाध्यक्ष एफ.आई.आर. दर्ज करेंगे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्र की निगरानी करायी जायेगी। जनपदीय मॉनिटरिंग सेल का गठन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में किया गया है, जिनका मोबाइल नम्बर 9454417649 है। कन्ट्रोल रुम का गठन कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर में स्थापित किया गया है जिसके प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकीय उ0मा0वि0



आरा, ब्रम्हजीत यादव है जिनका मोबाइल नम्बर 9839764024 है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त सभी कक्ष निरीक्षक पहचान पत्र के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विषय से सम्बन्धित अध्यापक परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी नहीं करेंगे। सभी प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्र पर लोहे की आलमारी में डबल लाक में रखे जायेंगे, जिसकी एक चाभी केन्द्र व्यवस्थापक तथा एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास होगी। प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं को सी.सी.टी.वी. कैमरे की निगरानी मे रखा जायेगा तथा उन्हें खोलते समय सी.सी.टी.वी. कैमरे की रिकार्डिंग अवश्य करायी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुये सेनेटाइजर, हैण्डवाश, थर्मल स्कैनिंग, पल्स आक्सीमीटर एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था के साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जायेगा। परीक्षा केन्द्र पर सभी शिक्षकों, कार्मिकों, परीक्षार्थियों को मास्क पहनना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र की सफाई विशेष रुप से शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था रखी जायेगी। बालिकाओं की चेकिंग केवल महिला शिक्षिका द्वारा ही की जायेगी। परीक्षा केन्द्र के अन्दर परीक्षार्थियों को पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी। सभी केन्द्र व्यवस्थापक सुनिश्चित करें कि परीक्षा समाप्त होने के पश्चात समय से उत्तर पुस्तिकायें पुलिस अभिरक्षा में संकलन केन्द्र पर जमा हो जायें। सभी केन्द्र व्यवस्थापक आवश्यक पुलिस बल के लिये सम्बन्धित थानाध्यक्ष को अवगत करा दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0 रामप्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सिंचाई विभाग में धूम धाम से मनाया गया होली मिलन समारोह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी के सिगरा स्थित सिंचाई कॉलोनी वरुणापुरम में मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरीगेशन डिपार्टमेंट उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज मंगलवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को भाईचारा का संदेश देते हुए अबीर–गुलाल लगा होली की शुभकामनाएं दी, वहीं बलिया से आए कलाकारों की टीम ने होली मिलन समारोह में चार चांद लगा दिए। इस शुभ अवसर पर लिफ्ट सिंचाई निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार सोनकर, सहायक अभियंता राधेश्याम मिश्रा, मनोज सिंह, कमलेश सिंह, पंकज सिंह, सर्वेश कुमार उपाध्याय, जनार्दन प्रसाद यादव, उषा रानी सिन्हा, सुशीला, साधना, संजय पांडेय,



राम अवतार राम, शशिभूषण सिंह, रत्नेश, जयशंकर सिंह, मनोज कुमार गुप्ता,आरिफ अंसारी, सरिता, रामाकांत प्रजापति, जितेंद्र, निरंजन,के0 के0 पांडेय, संदीप दुबे, आलोक श्रीवास्तव, प्रदीप जैसवार व आलोक पांडेय के साथ सिंचाई विभाग के सभी कार्यालयों के लोग उपस्थित होकर होली मिलन समारोह मनाया गया।

## गुर्जर समाज को मिले उ0प्र0 सरकार में उचित प्रतिनिधित्व – मनुपाल बंसल

बागपत पत्रकार विवेक जैन : उत्तर प्रदेश में गुर्जर समाज के प्रमुख नेताओं में शुमार और जनपद बागपत के वार्ड 19 से जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने देश के प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, देश के गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में बनने वाली भाजपा सरकार में गुर्जर समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाये जाने की मांग की है। मनुपाल बंसल ने देश प्रधानमंत्री के साथ–साथ भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं को भेजे पत्र में कहा कि गुर्जर समाज के लिए देशहित से बढ़कर कुछ भी नही है। कहा कि देश पर चाहे कैसी भी विपदा आयी हो गुर्जर समाज ने हर विपदा में देश की जनता का तन, मन व धन से साथ दिया। मनुपाल बंसल ने प्रधानमंत्री महोदय के साथ–साथ भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं को अवगत कराया कि गुर्जर समाज ने देशहित में हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में एकतरफा मतदान किया है। कहा कि बुंदेलखंड़, रूहेलखंड़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुर्जर समाज बहुतायत में है और किसी भी पार्टी की हार–जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। मनुपाल बंसल ने पिछली उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रीमंड़ल में गुर्जर समाज को उचित प्रतिनिधित्व ना दिये जाने पर खेद जताया। उन्होने कहा कि गुर्जर समाज ने उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है और भारतीय जनता पार्टी को भी चाहिये कि इस बार उत्तर प्रदेश सरकार में माननीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाले मंत्रीमंड़ल में गुर्जर समाज से कम से दो कैबिनेट और दो राज्यमंत्रीयों को जगह मिले। कहा कि ये भारतीय जनता पार्टी की नैतिक जिम्मेदारी है कि सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले गुर्जर समाज को उचित मान और सम्मान प्रदान किया जाये, जिससे भविष्य में भी गुर्जर समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ इसी जूनून और मजबूती के साथ खड़ा रहे जैसा कि वह आज तन, मन व धन के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है।

## विज्ञान संकाय के शिक्षक डॉ. एस पी. तिवारी को पितृशोक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के शिक्षक डॉ. एस पी तिवारी के पिता के आकस्मिक निधन पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सोमवार शोक सभा का आयोजन किया गया। डॉ. तिवारी के पिता काफी दिन से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर शिक्षक और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौनध रखकर श्रद्धांजलि व्यक्त की। शोक प्रस्ताव विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने पढ़ा। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय राय, सहायक कुलसचिव बबीता सिंह, रामजी सिंह अमलदार यादव, डॉक्टर लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ पीके कौशिक, रामसमुझ, संतोष कुमार मौर्य, सत्येंद्र कुमार, हेमंत श्रीवास्तव, श्रीमती करुणा, कलावती देवी, नीता गुप्ता आदि कर्मचारी उपस्थित थे। इसके पूर्व विज्ञान संकाय में भी शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें संकाय के शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल थे।

## मुम्बई पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली पुलिस के सहयोग से मुंबई से आई पुलिस की टीम ने दुष्कर्म के आरोपियों को मुजार और सरावा गाव से गिरफ्तार कर अपने साथ मुंबई ले गई। रविवार आधी रात हुई पुलिस कार्यवाही चर्चा में है। क्षेत्र के मुजार गाँव निवासी इरफान पुत्र मोहसिन पर मुंबई के ठाणे पुलिस स्टेशन में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज हुआ हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद वह अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर मुंबई से फरार हो गया था। इसी तरह सरावां गाँव निवासी नीलेश पुत्र विद्याशंकर मिश्र के खिलाफ एक महिला ने विवाह का झाँसा देकर एक साल तक दुष्कर्म करने का मुकदमा उक्त थाने में दर्ज करवाया हैं। नीलेश भी वहाँ से फरार होकर अपने गाँव चला आया। कोर्ट से नोटिस के बाद भी उक्त न्यायालय में हाजिर नही हुए।रविवार रात पहुँची मुंबई पुलिस की टीम व कोतवाली पुलिस ने मिलकर कार्यवाही करते हुए दोनों को घर से गिरफ्तार कर कोतवाली लेकर आ गई,फिर आवश्यक कार्यवाही पूरी कर मुंबई वापस लौट गयी हैं। मामले के बाबत प्रभारी निरीक्षक अवनीश रॉय ने बताया कि उक्त दोनों वहाँ से फरार होकर गाँव चले आये थे। दोनों को दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यायालय में कागजी कार्यवाही पूर्ण कर दोनों को मुंबई पुलिस की टीम अपने साथ लेकर वापस गयी हैं।

## नहर में तैरता मिला युवक का क्षत विक्षत शव : उदयभानपुर नहर के पास बांस में फँसा मिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के अंतर्गत उदयभानपुर के पास नहर में अज्ञात युवक का शव बातें हुए उदय भान पुर नहर के पास एक बांस में फँसी मिली। युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस ने बताया कि युवक के शरीर पर काले रंग की पैंट पहने हुए मिली शव बुरी तरह क्षत विक्षत हो गया था। थाना क्षेत्र के उदयभानपुर गांव के पास शारदा सहायक खण्ड 36 नहर में शाम को एक क्षत विक्षत शव ग्रामीणों ने बहता देखा तो हड़कंप मच गया।शव बहते हुए एक बांस के किनारे फँसी थी इसकी सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षत विक्षत शव होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो पाई। थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि मृतक कौन है इसका अभी पता नहीं चल सका है।

## होली मिलन समारोह का आयोजन आज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुर संगम परिवार द्वारा बुधवार को मुख्यालय स्थित अकबर पैलेस में शाम 7 बजे होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के जिलाध्यक्ष पंकज सिन्हा ने बताया कि मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।जिसमें बच्चों का फैशन शो एव डांस कॉम्प्टीशन, सिंगिंग कॉम्प्टीशन ,कपल डांस कॉम्प्टीशन ,कॉम्प्टीशन में जज द्वारा विजेता घोषित होने पे पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## विलुप्त होती कठपुतली कला के प्रति लोगों को किया जागरूक

वाराणसी ब्यूरो : उत्तर प्रदेशः विश्व कठपुतली दिवस के अवसर पर क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट,वाराणसी द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमे कठपुतली के सभी कलाकार व दर्शक एकत्रित होकर अपनी हाथो में कठपुतली लिए हुए लोगो को विलुप्त होती कठपुतली कला के प्रति जागरूक करने का प्रयास रैली के दौरान पूरी उत्साह के साथ किये। सर्वप्रथम कठपुतली नाटक जहर का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया जिसमें विशाल




कुमार विश्वकर्मा, गौरव श्रीवास्तव, विशाल भारती, अनिल कुमार,सूरज कुमार और अलका गौड़ ने किया, बड़े, बूढे, बच्चे, महिलाएं इत्यादि ने काफी गम्भीरता के साथ इस नाटक को देखा नाटक में लोगो को पान, मसाला, गुटका इत्यादि मादक द्रव के सेवन से होने वाली हानियों को बताया गया जिससे ज्यादा से ज्यादा मात्रा में लोग जागरूक हो और तम्बाकू का सेवन बन्द करे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शास्त्रीय अवध राज सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस कला को संरक्षण देने बहुत जरूरी है, हमारी विरासत है और इस विरासत को बचाना हम सब की जिम्मेदारी है सुप्रसिद्ध कठपुतली कलाकार मिथिलेश दुबे ने कहा कि हम लोग लगभग दस सालों से इस कला के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूरे देश मे काम कर रहे है क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट,वाराणसी द्वारा इस कला को बचाने के लिए पूरे देश मे कठपुतली नाटको का प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत मे संस्था की सचिव श्रीमती रम्भा सिंह द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया एवं धन्यवाद यापन किया गया। शुरु से ही संस्था का उद्देश्य कठपुतली कला को बचाना है, जिसके लिए संस्था द्वारा जिला कलेक्टर को भी अर्जी दी जानी है एवं संस्था माननीय प्रधानमंत्री जी तक भी अपने उद्देश्य को पहुंचा रही है।

## कैसे होगी प्राथमिक विद्यालयों में सुचितापूर्ण परीक्षा और समय पर परीक्षाफल वितरण

जौनपुर ब्यूरो : प्राथमिक शिक्षक संघ का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष अरविन्द शुक्ल के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 6128 शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक कार्य हेतु ड्यूटी लगाये जाने के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर से मिला। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा बताया गया कि परिषदीय विद्यालयों में 23 मार्च से परीक्षा प्रारम्भ हो रही है, और परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत 80 प्रतिशत शिक्षकों की ड्यूटी माध्यमिक की बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक हेतु लगा दी गयी है, जो 24 मार्च से प्रारम्भ हो रही है। ऐसी स्थिति में विद्यालयों में प्रधानाध्यापक अकेले किस प्रकार सुचितापूर्ण वार्षिक परीक्षा सम्पन्न करायेंगे और किस प्रकार 31 मार्च को परीक्षाफल का वितरण करेंगे? प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मांग की गयी कि परिषदीय विद्यालयों में आयोजित वार्षिक परीक्षा के समयावधि में शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में न लगायी जाय। बिना कक्षाध्यापक के परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा, मूल्यांकन और 31 मार्च को परीक्षा फल देने का कार्य असम्भव होगा। साथ ही साथ प्रतिनिधि मण्डल द्वारा विकलांग और महिला शिक्षिकाओं



की ड्यूटी दूरस्थ ब्लाकों में लगाये जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुये मांग की गयी कि ऐसे शिक्षकों की ड्यूटी आवश्यकतानुसार उनके कार्यरत ब्लाकों के परीक्षाकेन्द्रों पर लगायी जाय। प्रतिनिधि मण्डल के वार्ता के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समस्याओं के समाधान का अश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रुप से लक्ष्मीकांत सिंह, लाल साहब यादव, साजेश सिंह, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहें।

## थाना चन्दवक पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार : अपहृता बरामद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 21.03.2022 को थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 38/22 धारा 363/366 भादवि से संबंधित अभियुक्त आशीष राजभर पुत्र संकठा राजभर नि0 बोडसर खुर्द थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को बुढउ बाबा के दुकान के पास से समय करीब 15.30 बजे गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से संबन्धित अपहृता को बरामद किया गया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1. आशीष राजभर पुत्र संकठा राजभर नि0 बोडसर खुर्द थाना चन्दवक




जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1– उ0नि0 विभूतिनारायण राय थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 2– हे0का0 नन्दलाल सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 3– हे0का0 बाबूलाल निषाद थाना चन्दवक जनपद जौनपुर 4– म0का0 श्वेता सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर।

## बोर्ड परीक्षा में परिषदीय अध्यापकों की सुदूर ब्लाकों में ड्यूटी पूर्णतः अनुचित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बोर्ड परीक्षा 2022 में जनपद के 6000 से अधिक अध्यापक/अध्यापिकाओं की ड्यूटी सुदूर ब्लाकों में लगाने के विरोध में आज जिला अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जनपदीय प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवम जिला विद्यालय निरीक्षक से मिलकर इस सम्बंध में ज्ञापन सौंपकर पुरजोर आपत्ति जताई,वार्ता के क्रम में जनपदीय अध्यक्ष द्वारा आपत्ति दर्ज करायी गयी कि अध्यापक/अध्यापिकाओं का उनके विद्यालय से 70–80 किलोमीटर दूर बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी लगा दी गयी है,जबकि परिषदीय विद्यालयों में 23 मार्च से परीक्षा प्रस्तावित है,और तो और एक ही विद्यालय से सारे अध्यापकों की ड्यूटी लगा दी गयी है,जो पूर्णतः मानक और व्यवहारिकता के खिलाफ है, अतः संघ यह मांग करता है कि पूर्व की तरह खण्ड शिक्षा अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर कार्यरत ब्लाकों में ही बोर्ड परीक्षा ड्यूटी लगाई जाए,



जनपदीय प्रतिनिधिमंडल में जिला मंत्री सतीश पाठक,जिला उपाध्यक्ष अतुल सिंह,जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह,जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल,मड़ियाहूं ब्लाक अध्यक्ष विशाल सिंह उपस्थित रहे।

## पोलियो टीम के घर–घर टीकाकरण का सीएमओ ने किया भौतिक सत्यापन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) डॉ लक्ष्मी सिंह ने सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत घर–घर जाकर टीकाकरण कर रहीं टीमों का बख्शा ब्लाक के ग्राम सुकुलामगंज और बहुरा में निरीक्षण किया। दोनों गांवों की टीमों के कार्यों को घर–घर जाकर सत्यापित किया। सूचनाएं सही दर्ज होने से वह टीमों के कार्यों से संतुष्ट दिखीं। साथ ही टीमों को सख्त निर्देश दिया कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने टीम द्वारा घर–घर की जा रही मार्किंग का अवलोकन कर इस बात की पुष्टि करने का प्रयास किया कि अभियान के दौरान कहीं पांच वर्ष तक का कोई बच्चा टीकाकरण से छूटा तो नहीं। इसके लिए चिह्नित घरों के लोगों से दर्ज सूचनाओं की सत्यता की परख की। संबंधित परिवारों से बात कर दर्ज सूचनाओं का मिलान किया। बताया कि अभियान के तहत घरों पर एक्स (•) और पी (च) की मार्किंग की जाती है। जिस पर तिथि और टीम नम्बर भी लिखा जाता है। पी का मतलब है कि घर के सारे बच्चे दवा पी लिए हैं और एक्स का मतलब है कि घर का कोई बच्चा बाहर है और दवा पीने से वंचित है। टीम इस प्रकार का विवरण अपने टैलीसीट में भी भरती है। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह सुकुलामगंज और बहुरा की टीमों के कार्य से संतुष्ट हुईं। संबंधित परिवारों ने दर्ज सूचनाएं सत्य होने की पुष्टि की जिस पर सीएमओ ने खुशी जताई। साथ ही टीमों को सख्त निर्देश दिया कि पांच वर्ष तक का कोई बच्चा दवा



पीने से वंचित न रहे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के साथ एसीएमओ डॉ राजीव कुमार भी रहे। यहां यह जानना जरूरी है कि घर–घर चलाए जा रहे सघन पल्स पोलियो अभियान के लिए कुल छह जिला नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं जो इस कार्यक्रम का सुपरविजन कर रहे हैं। सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह ने बताया कि सघन पल्स पोलियो अभियान के तहत 25 मार्च तक तीन सदस्यीय पोलियो की टीमें घर–घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इस कार्य के लिए जनपद में कुल 1241 टीमें बनाई गई हैं। जिन घरों के बच्चे बाहर गए होंगे उन घरों पर बी टीम 28 मार्च को पल्स पोलियो अभियान चलाएगी। जनपद में पांच वर्ष तक के कुल 6,72,209 बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 21 से 25 मार्च के दौरान पोलियो टीमें 7,37,996 परिवारों का भ्रमण कर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी।

# योगी सरकार पार्ट– 2 में हो सकते हैं तीन डिप्टी सीएम, ब्राह्मण,ओबीसी और दलितों को साधने की तैयारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश में लंबे अरसे के बाद भारतीय जनता पार्टी लगातार दूसरी बार सरकार बनाने जा रही है। योगी आदित्यनाथ 25 मार्च को दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं।लेकिन अभी तक उपमुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों के नाम निर्धारित नहीं हो पाए हैं।सूत्रों से खबर है कि योगी सरकार पार्ट–2 में जातीय समीकरणों को पूरी तरह ध्यान में रखा जाएगा ताकि 2024 की तैयारी मजबूती से हो सके।विधानसभा चुनाव के दौरान सपा समेत सभी विपक्षी दलों ने भाजपा पर पिछड़ा विरोधी होने का आरोप लगाया था।इसके अलावा ब्राह्मणों की भी उपेक्षा करने की बात कही गई थी।भाजपा ऐसे परसेप्शन से निपटने के लिए मजबूत तैयारी के साथ जुटी है और यही कारण है कि भाजपा के आलाकमान इस बार दो की बजाय तीन उपमुख्यमंत्री देने पर विचार कर रहे है।पार्टी का मानना है कि इससे उत्तर प्रदेश के प्रमुख वर्गों को ये संदेश दिया जाएगा कि उन्हें नेतृत्व में हिस्सेदारी देने का काम किया गया है, वही योगी सरकार के बीते कार्यकाल में केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा उपमुख्यमंत्री थे।सबसे दिलचस्प बात ये है कि अपने गृह जनपद कौशांबी की सिराथू विधानसभा से पराजित होने वाले केशव प्रसाद मौर्य को उपमुख्यमंत्री से बनाये जाने की संभावना है।दिनेश शर्मा की छुट्टी हो सकती है यानी उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना नहीं है। दिनेश शर्मा को उपमुख्यमंत्री न बनाए जाने कारण है कि बीते कार्यकाल में बहुत सक्रिय नहीं दिखे और इसके अलावा ब्राह्मणों के बीच भी पार्टी की साख को बहुत मजबूत नहीं कर सके।अब ऐसे में दिनेश शर्मा की जगह ब्रजेश पाठक को उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना है। ब्रजेश पाठक राजधानी लखनऊ की कैंट से जीत दर्ज की है।ब्रजेश पाठक बसपा में एक समय के दौर से ब्राह्मणों के बीच खासे सक्रिय हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान भी भाजपा ने ब्राह्मणों को लुभाने के लिए ब्रजेश पाठक का जमकर इस्तेमाल किया था। वहीं भाजपा केशव प्रसाद मौर्य को लेकर किसी भी तरह का रिस्क नहीं उठाना चाहती है। केशव के ही प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए 2017 में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी।वही इसके अलावा केशव प्रसाद मौर्या उपमुख्यमंत्री के तौर पर भी काफी वोकल दिखे थे, लेकिन चुनाव हारने के बाद केशव के भविष्य को लेकर भी कयास लग रहे हैंध। भाजपा का मानना है कि केशव बड़े ओबीसी नेता के तौर पर उभरे हैं और ऐसे में उन्हें हटाने का गलत संदेश जाएगा। यही वजह है कि भाजपा केशव को बनाए रखने पर ही विचार कर रही है।केशव को सिराथू सीट पर पल्लवी पटेल से पराजित होना पड़ा था। अब अगर बेबी रानी मौर्य की बात करें तो भाजपा ने चुनाव से ठीक पहले उनका उत्तराखंड के गवर्नर पद से इस्तीफा दिलवाया था और इसके बाद आगरा ग्रामीण सीट से उतारा भी गया,जहां बेबी रानी को बड़ी जीत मिली है। गवर्नर पद छोड़कर चुनावी राजनीति में बेबी रानी मौर्य के आने के बाद से ही कयास लग रहे थे कि सरकार का हिस्सा बनाया जा सकता है। दरअसल बेबी रानी जाटव बिरादरी से आती हैं, जिससे मायावती ताल्लुक रखती हैं। दलितों की अन्य बिरादरियां भाजपा को कई चुनावों से अच्छा समर्थन दे रही हैं, लेकिन मौर्य को प्रमोट कर भाजपा को मायावती को एक और गहरा दर्द देने की तैयारी में है।

# अभी मार्च में ही बरस रही है आग तो मई जून मे होगी कितनी गर्मी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अभी मार्च में गर्मी इतनी जबरदस्त है तो मई जून माह में गर्मी की क्या हालात होगी।इसको लोग अभी से ही इस बात को लेकर चिंतित है।सूत्र के मुताबिक झांसी में मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्म पड़ने लगी है।वही इस समय गर्म हवा भी चलनी शुरू हो गई है।ऐसे में लोगों ने दिन व रात में भी कूलर व एसी चलाना शुरू कर दिया है।रविवार को झांसी प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म तो रहा ही साथ ही इस सीजन का भी सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा।प्रदेश में एक बार फिर झांसी सबसे ज्यादा गर्म रही। रविवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया और ये इस सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि इस महीने पारा 40.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। विज्ञापन झांसी में मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्म पड़ने लगी है। गर्म हवा भी चलनी शुरू हो गई है। ऐसे में लोगों ने दिन में भी एसी चलाना शुरू कर दिया है। रविवार को झांसी प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म तो रहा ही साथ ही इस सीजन का भी सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा। झांसी जिले का अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जबकि, न्यूनतम तापमान भी 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा। झांसी के बाद प्रदेश में आगरा सबसे अधिक गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री रहा। फिर प्रयागराज और वाराणसी में 39–39 डिग्री सेल्सियस अधिकतम पारा पहुंचा। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर मुकेश चंद ने बताया कि झांसी में अधिकतम पारा 37 डिग्री सेल्सियस रहता है मगर इस बार ज्यादा गर्मी पड़ रही है।इस महीने अधिकतम पारा 40.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। ये रहे टॉप–10 गर्म जिले जनपद अधिकतम तापमान झांसी 39.7 आगरा 39.4 प्रयागराज 39.0 वाराणसी 39.0 कानपुर 38.8 सुल्तानपुर 37.6 बस्ती 37.5 हमीरपुर 37.2 बलिया 36.9 हरदोई 36.5 रहा।

# महासभा इदरीसिया (दर्जी) समाज की वार्षिक बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के मया बाजार मुस्लिम इदरीशी महासभा इदरीसिया (दर्जी) समाज की वार्षिक बैठक उस्ताद देग की फातिहा के मुबारक मौके पर आज मया ब्लॉक के बेरासपुर में सम्पन्न हुई।इस कार्यक्रम का आगाज आयते कलामुल्लाह अल्लाह के मुकद्दस कलाम से शुरू हुआ।नातिया कलाम पेश करते हुये बुजुर्ग मौलवी अब्दुल जब्बार ने हजरते इदरीस अलैहिस्सलाम के बयानात पेश किये। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मुस्लिम इदरीशी महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रमुख महाराष्ट्र जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी ने सभा को सम्बोधित करते हुये समाज को एकजुट करने आपसी मेल– मिलाप ,भाईचारा कायम रखने वा समाज को संगठित रहने की बात कहीं। और विशिष्ट अतिथि के रूप में तुगलकाबाद नई दिल्ली से आये शौकत अली ने समाज के विकास पर अपनी राय बेबाकी से रखीं। मुस्लिम इदरीशी महासभा मया ब्लॉक अध्यक्ष एवं जिगिनियाँ सरजमीं आस्ताने के खादिम वा युवा समाजसेवी मास्टर मुबारक अली इदरीशी जी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में चलाई जा रही प्री – मैट्रिक ,पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स, बेगम हजरत महल वा मौलाना आजाद शादी शगुन जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं क्रान्तिकारी वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में इदरीसिया समाज से जुड़ी कई समस्याओं और मामलों का बिरादरी की सर्वसम्मति से निस्तारण भी किया गया। और अन्त में कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम का संचालन कर रहे मुस्लिम इदरीशी महासभा के मया ब्लॉक अध्यक्ष मास्टर मुबारक अली इदरीशी सहित बिरादरी के कई लोगों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब मसूद हक्कानी इदरीशी जी को पुष्प गुच्छ गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर बिरादरी के चौधरी मौलवी अब्दुल जब्बार, पूर्व चौधरी जाबिर अली, मोहम्मद रशीद, मास्टर राहत अली सलमानी,उस्मान गनी,सोहराब अली , जियाउल्ला, मुसीबत अली, मोहम्मद मुस्लिम, मोहम्मद कैफ इदरीशी, गुफरान इदरीशी, इकरार इदरीशी, सलमान इदरीशी एवं इरशाद इदरीशी पार्षद नगर निगम अयोध्या सहित बड़ी संख्या में इदरीशी बिरादरी के लोग मौजूद रहें।

# होली के दिन शराब के नशे में घर मे घुसकर मारपीट करना नशेड़ियों को पड़ा भारी

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)होली के दिन शराबी के नशे में चूर एक शराबी को एक व्यक्ति के घर के अंदर जाकर मारपीट करना भारी पड़ गया।सूत्र के मुताबिक जिले के थाना खंडासा के आकाश शुक्ला पुत्र राम धीरज शुक्ला निवासी ग्रामसभा कोटिया पूरे गंगा शुक्ल द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया की विगत 18 तारीख को होली के दिन लालचन्द यादव पुत्र स्वर्गीय बैजनाथ यादव, शिवम यादव पुत्र लालचंद यादव, सुनील यादव पुत्र बैजनाथ यादव, जयकुमार यादव पुत्र सुनील यादव निवासी पूरे भगवानदीन सूबेदार शाम लगभग 6 बजकर 30 मिनट पर पुरानी रंजिश को लेकर मेरे घर मे घुस आए और गाली गलौज करते हुए मुझे वा मेरे चचेरे भाई मुकेश शुक्ला पुत्र स्वर्गीय राधिका प्रसाद शुक्ला को लाठी डंडों से मारा पीटा हल्ला गुहार मचाने पर विपक्षी गड़ जान से मारने की धमकी देते हुऐ चले गए।उसने आरोप लगाया कि वही विपक्षी लालचंद यादव शराब के नशे मे थे और अपने आप ही इधर उधर गिर रहे थे।विपक्षी लालचंद आए दिन आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता रहता है।पूर्व मे भी इसके ऊपर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।इस मामले में थानाध्यक्ष खंडासा ने कहा है विपक्षीगण के ऊपर धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उचित कार्यवाही की गई है।

# 50 वर्षीय अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी रिकाबगंज क्षेत्र में आने वाले बल्लाहाता निवासी 50 वर्षीय अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर किया आत्महत्या प्राप्त जानकारी के अनुसार सु कई राम पुत्र स्वर्गीय रामखेलावन आयु लगभग 50 वर्ष निवासी निकट भैरव मंदिर बल्ला हा ता कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने आज अज्ञात कारणों के चलते कमरे में लगे कुंडे में गमछे से बांध कर आत्महत्या कर लिया घटना की जानकारी परिजनों को तब हुई जब गुब्बारे से शादी विवाह में सजावट करने वाले किराएदार द्वारा सु कई को लटका देखा घटना की सूचना मिलते ही तत्काल रिकाबगंज चौकी इंचार्ज संदीप त्रिपाठी ने अधेड़ को कुंडा से उतरवाकर जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर ने मृतक घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा ते हुए इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे फार्मेसिस्ट हनुमंत दुबे द्वारा पोस्टमार्टम हेतु कोतवाली नगर पुलिस मेमो भिजवा दिया गया है।मृतक जनता प्रिंटिंग प्रेस में छपाई का कार्य करता था आत्महत्या का कारण परिजनों को भी मालूम नहीं है।

# दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने की उठ रही मांग : इंसाफ की गुहार लगा रही जनता

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)दुष्कर्म पीड़िता सात वर्षीय मासूम को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर रविवार देर शाम अयोध्यावासी सड़क पर उतर आये।आरोपी को फांसी की सजा की मांग करते हुए जस्टिस का पोस्टर लहराया। आक्रोशित लोगों में शामिल महिलाओं व बेटियों ने भारी संख्या में नयाघाट से हनुमानगढ़ी तक पैदल मार्च करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई।मार्च को देखने के लिए मार्ग के आसपास के लोग जमा हो गए थे।इस दौरान रेप करने वाले को फांसी व मासूम को न्याय दो जैसे नारे पूरे मार्च में गूंजते रहेस मौके पर मौजूद रतन लाल गुप्ता, ऋषि पांडेय, मनीष, सूरज, शिवम गुप्ता, सोनू दूबे, राम जी राय आदि बृजेश शर्मा आदि लोगों में घटना को लेकर काफी गुस्सा देखा गया। सभी ने कहा कि मासूम के साथ –साथ रेप की घटना से पूरी अयोध्या बेहद दुखी है। अगर बच्ची को इंसाफ न मिला तो और भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि 16 मार्च की रात को बच्ची का रेप हुआ था। पुलिस ने मामले में आरोपी राजन मांझी को गिरफ्तार किया है। उधर, राजधानी में एडमिट बच्ची की हालत में सुधार जरूर है, लेकिन वह सदमे में है।

# श्री राम जन्मभूमि पर पहली बार होगा भव्य जन्मोत्सव का आयोजन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)पहली बार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को श्री राम जन्मभूमि परिसर में विशेष रुप से मनाए जाने की तैयारी है।भगवान श्री रामलला टेंट से निकलकर अपने अस्थाई मंदिर में विराजमान होने के 2 वर्ष पूरे हो रहे हैं। लेकिन यह पहला ऐसा अवसर है कि बड़े भव्यता के साथ उनके जन्मोत्सव पर आयोजन किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट ने इस जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरू कर दी है।श्री राम जन्मभूमि पर पहली बार होगा भव्य जन्मोत्सव का आयोजन, ट्रस्ट की यह खास तैयारी, राम जन्मभूमि के पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने जानकारी दी है कि जब पहली बार ऐसा मौका होगा कि जब भगवान श्री राम के जन्म उत्सव पर 56 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। कहा कि 2 अप्रैल से प्रारंभ हो रहे नवरात्र कलश स्थापना के साथ इस उत्सव का प्रारंभ होगा इस दिन नवग्रह पूजन किया जाएगा भगवान श्री राम लला को पूर्णतया स्नान के साथ पंचमेवा वा पंचामृत से अभिषेक होगा इत्र से लेप किया जाएगा। जिसके बाद उन्हें सुंदर कपड़े पहनाकर श्रृंगार किया जाएगा। इसी तरह 9 दिन तक रामलला का श्रृंगार होगा। चौत्र शुक्ल नवमी की तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। दोपहर 12:00 बजे जन्म के बाद भव्य आरती का आयोजन होगा। तो वही बताया कि पहले राम जन्मभूमि परिसर में पंचमेवा के साथ पंजीरी बनती थी और पंचामृत बनता था। पेड़ा और फल का भी भोग लगाया जाता था। लेकिन इस बार नए ढंग से किया जाएगा । इस रामलला को जन्मोत्सव के दिन 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा और उसी का प्रसाद के रूप में वितरण भी किया जाएगा इसके साथ ही पूरे अस्थाई मंदिर को भव्यता के साथ सजाया जाएगा। वहीं बताया कि पहली बार बड़े ही भव्यता के साथ इस उत्सव को मनाने की तैयारी राम मंदिर ट्रस्ट के द्वारा की जा रही है जो बहुत ही सुंदर होगा। लाखों भक्त श्री रामलला के जन्मोत्सव में होंगे शामिल नवरात्री की नवमी तिथि के दिन भगवान श्री राम लला का जन्मोत्सव होगा ऐसा कहा जाता है कि जै दिन राम जन्म स्तुति गावै, तीरथ सकल जहां चली आवैं। भगवान श्री रामलला के जन्म के दौरान सभी देवता दौरान अयोध्या पहुंचते हैं। तो वही बताया कि इस बार दर्शनार्थियों की संख्या भी हर वर्ष से कई गुना ज्यादा बढ़ सकती है इसको लेकर राम जन्मभूमि परिसर में बहुत ही सुंदर व्यवस्था हो रही है। जिससे किसी भी दर्शनार्थियों को परेशानी न हो। और आराम से श्री रामलला का दर्शन मिल सके। इसके लिए प्रवेश मार्ग के साथ ही निकास द्वार और दर्शन के लिए ठहराव तक के लिए उचित प्रबंध किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय युवा वाहिनी में विधायक को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की मांग

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने चंपावत के लोकप्रिय विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी को कैबिनेट मंत्री का दायित्व दिए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ़ लोहाघाट खटीमा हारे ,एक अकेली चंपावत



सीट बचा कर विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी ने 21 वर्षों में पहली बार भारी मतों से जीत हासिल की है। राष्ट्रीय युवा वाहिनी उत्तराखंड परिवार ने भारतीय जनता पार्टी से निवेदन किया है कि विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी को कैबिनेट मंत्री का दायित्व दिया जाना चाहिए।

# थाना पूरा कलंदर का सराहनीय कार्य स्थगन आदेश का पालन तत्काल प्रभाव से कराया

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जनपद के थाना पूरा कलंदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरुवावां में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मुकदमे बाजी हुई थी।जिसमें प्रथम पक्ष वादी फैयाज अहमद की जमीन का बंटवारा अदालत में चल रहा था।आरोप के मुताबिक जिसमें विपक्षी इतना दबंग था कि उसने मुकदमे को दरकिनार करते हुए लगभग 57 बीघा पर विपक्ष अपनी दबंगई के बल पर काबिज हो रहा था लेकिन वादी फैयाज अहमद ने एसडीएम अदालत के यहां से आदेश दिनांक 28 फरवरी 2022 को स्थगन आदेश ले लिया जिसकी कॉपी थाना पुरा कलंदर में जमा कराते हुए सरसों की फसल रुकवाने की अर्जी दी गई थी जिस पर थाना पुराकलंदर ने तुरंत एक्शन लेते हुए सरसों की फसल अवैध रूप से काट रहे विपक्षी जकरिया को यह कहते हुए रोक दिया की जब तक मुकदमे का फैसला नहीं हो जाता तब तक यह पसंद नहीं कटेगी। यह घटना ग्राम अरुवावां जो थाना पुराकलंदर में पड़ता है ऐसे में पीड़ित अब चैन की सांस ले रहा है।

# फिर खुलेगी कश्मीरी पंडितों के नरसंहार की फाइल? राष्ट्रपति से लगाई गई एसआईटी जांच की गुहार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)द कश्मीर फाइल्स की बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई जारी है।इस एक फिल्म ने कश्मीरी पंडितों को फिर न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद करने की ताकत दे दी है। समाज के कई दूसरे लोग भी आगे आकर इन लोगों के लिए न्यया की बात कर रहे हैं। अब देश के राष्ट्रपति के लिए एक याचिका दायर की गई है। ये याचिका एडवोकेट विनीत जिंदल द्वारा दायर की गई है।उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि उन मामलों की दोबारा जांच होनी चाहिए जहां पर 1989–90 के समय कश्मीरी पंडितों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। अब विनीत जिंदल से पहले कई दूसरे लोग भी फिल्म देखने के बाद ये मांग उठा चुके हैं। अपने पत्र में वकील ने तर्क दिया कि यदि 33 साल पहले हुए सिख विरोधी दंगों से संबंधित मामलों को फिर से खोला जा सकता है और फिर से जांच की जा सकती है तो 27 साल पहले हुए कश्मीरी पंडितों के मामलों को भी फिर से खोला जा सकता है और फिर से जांच की जा सकती है। अपने पत्र में जिंदल ने कहा कि घटनाओं के शिकार लोग शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक आघात की स्थिति में थे और पिछले कई वर्षों से अपनी आजीविका के लिए संघर्ष कर रहे थे और वे अपनी शिकायतों को दर्ज कराने के अवसर से वंचित हैं।

# अंबेडकरनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के सपा उम्मीदवार ने किया नामांकन

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) फैजाबाद अंबेडकरनगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के सपा उम्मीदवार हीरालाल यादव ने कलेक्ट्रेट परिसर में अपना नामांकन किया। इस मौके पर बड़ी तादाद में पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक पूर्व विधायक व तमाम पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सपा उम्मीदवार हीरालाल यादव ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और उसके बाद कार्यकर्ताओं को एक स्थानीय होटल में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने यह सिद्ध कर दिया कि प्रदेश में सपा का कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता।उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठा जताते हुए प्रदेश की बड़ी आबादी ने समाजवादी पार्टी का साथ दिया और उसी का नतीजा था कि समाजवादी पार्टी ने सवा सौ से भी ज्यादा सीटें हासिल की।उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव में बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाकर पार्टी कार्यकर्ता यह सिद्ध कर देंगे कि संघर्ष के रास्ते समाजवादी पार्टी प्रदेश में एक बार फिर अपना परचम लहराएगी। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए जो भी प्रयास किए हुए अब मील का पत्थर बन चुके हैं प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी में ही अपना भविष्य देख रही है। श्री यादव ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और रीतियों को दरकिनार कर समाजवादी पार्टी को अपना विकल्प बनाएगी ,लोकसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी प्रदेश में मजबूती के साथ उतरेगी उन्होंने कहा कि एमएलसी के चुनाव में संख्या बल समाजवादी पार्टी के साथ में है ऐसे में पूरे प्रदेश में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की एकतरफा जीत तय है। श्री यादव ने कहा कि सपा सरकार में पंचायती व्यवस्था को मजबूत किया गया लेकिन भा0ज0पा सरकार में पंचायती व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एम0एल0सी0 रहते हुए सदन में लगातार आवाज उठाते रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि आज बड़ी तादाद में पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं विधायकों व पूर्व विधायकों ने हीरालाल यादव के नामांकन में शामिल होकर यह संदेश दिया कि फैजाबाद अंबेडकर नगर स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में समाजवादी पार्टी की विजय निश्चित है। आज नामांकन के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए सपा जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव व अंबेडकर नगर जिला अध्यक्ष राम शक्ल यादव नव निर्वाचित विधायक अवधेश प्रसाद, अभय सिंह, राममूर्ति वर्मा, त्रिभवन दत्त, लालजी वर्मा, राम अचल राजभर, राकेश पाण्डेय, सपा प्रत्याशी तेज नारायण पाण्डेय 'पवन पाण्डेय' आनन्द सेन यादव फिरोज खान गब्बर, पूर्व एम0एल0सी0 विशाल वर्मा, लीलावती कुशवाहा ने अपने विचार रखे सभी ने कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए जुट जाने का अवाहन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, अमृत राजपाल, चौधरी बलराम यादव, हाजीअसद अहमद, जब्बार अली, जुग्गी लाल, छोटे लाल यादव, म0 अनिल मिश्रा, म0 रामदास, पारसनाथ यादव, अनूप सिंह, दीपू सिंह, हामिद जाफर मीशम, राजा मान सिंह, हरिशंकर यादव छोटू, नागेन्द्र यादव, मो0 शहरयार, उत्तम चौधरी, आनन्द वर्मा, विकास यादव, बृजेश सिंह चौहान, स्वामी नाथ वर्मा, ललित यादव, सियाराम निषाद, सुरेन्द्र यादव, के0के0 पटेल, सुरजीत वर्मा, त्रिभवन नाथ, गंगाराम कनौजिया, प्रतिभा यादव अजीत यादव, जंग बहादुर यादव, आलोक यादव, रविन्द्र यादव, राम जन्म यादव, वसी हैदर गुड्डू, संजय यादव रक्षाराम यादव, रामबहादुर यादव लक्ष्मन कनौजिया, राम अजोर यादव, औरंगजेब, फरीद कुरैशी, शिवकुमार यादव, रामरंग यादव, रामतेज यादव, प्रदीप चौबे, गणेश दत्त पाण्डेय, राम नरेश गुप्ता, रोली यादव, अर्पणा जायसवाल, सरोज यादव, पृथ्वीराज यादव, आभाष कृष्ण यादव, श्री चन्द्र यादव, मो0 रिजवान, हृदय राम यादव, अजय विश्वकर्मा, ओ0पी0 पासवान, विशाल पाल, मो0 वकार मो0 इरशाद, हिमांशु यादव, शशांक यादव, अजय यादव, रिक्की यादव, प्रताप जायसवाल, राधेश्याम यादव, सुभाष यादव, आदि उपस्थित रहे।

# सीएचसी में डॉक्टर नदारद : इमरजेंसी वार्ड में भी नहीं मिले डॉक्टर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के अयोध्या के मिल्कीपुर में शासन प्रशासन भले ही अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा 24 घंटे चालू रखने के निर्देश दिए हो लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ अस्पताल में दिखाई नहीं पड़ रहा है। सीएससी हैरिंग्टनगंज इमरजेंसी में एक भी डॉक्टर नहीं मिले, फार्मेसिस्ट दवा वितरण कक्ष में मौजूद थे लेकिन डॉक्टर हॉस्पिटल में कहीं पर भी नहीं दिखाई पड़े।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिग्टनगंज की हकीकत जानने के लिए रिपोर्टर जब रविवार को 11:30 बजे अस्पताल पहुंचा तो अस्पताल तो खुला मिला लेकिन वार्ड बॉय डॉक्टर नदारद मिले। इमरजेंसी में जाकर देखा गया तो वहां पर काफी दुर्गंध आ रही थी, डस्टबिन में गंदगी पड़ी हुई थी। इसको साफ भी नहीं कराया गया था।इस अस्पताल में मौजूद कर्मचारी ने पहले तो कहा कि, आपको क्या काम है ? तब उनसे कहा गया कि, इमरजेंसी रूम हमको देखना है तो उन्होंने कहा कि बैठो अभी डॉक्टर साहब आते ही होंगे ? काफी देर तक जब डॉक्टर साहब नहीं आए तो खुद जाकर इमरजेंसी वार्ड में देखा तो गंदगी फैली हुई थी।साफ सफाई के संबंध में जब पूछा गया तो कर्मचारी ने बताया कि, साफ सफाई कराई जाती है. हो सकता है आज न हुई हो। कनावा गांव निवासी कुंदन पाठक व पारा ताजपुर गांव निवासी रामनाथ यादव अपनी पत्नी सावित्री देवी के साथ टीका लगवाने आए हुए थे, जब उनसे पूछा गया टीका नहीं लगा क्या ? तो उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में रामराज है, इसकी शिकायत विधायक से की जाएगी।सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर डीएन त्रिवेदी से जब बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। जिसके बाद पूरे मामले की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या को दी गई।उन्होंने कहा कि, मामले की जांच कराकर नदारद डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।पोलियो अभियान चल रहा है हो सकता हो कि यहाँ पर चिकित्सक क्षेत्र में हो।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।